Chapter – 1

एमएस एक्सेस 2013 में रिपोर्ट का परिचय

(Introduction of Report in MS Access 2013)

MS Access 2013 में Report एक ऑब्जेक्ट है| जिसे डेटा को संगठित तरीके से display और print करने के लिए उपयोग किया जाता है। डेटाबेस विंडो में आप सेव किये पूरे डेटाबेस की रिपोर्ट पा सकते हैं। Report का प्रयोग आउटपुट के लिए किया जाता है|

यदि आपको किसी के साथ अपने डेटाबेस से जानकारी शेयर करने की आवश्यकता है, तो आप रिपोर्ट का प्रयोग कर सकते हैं रिपोर्ट बना कर आप किसी क साथ भी उसे शेयर कर सकते हैं रिपोर्ट आपको आकर्षक प्रारूप में अपना डेटा व्यवस्थित और प्रस्तुत करने की अनुमति देती है। एक्सेस आपके डेटाबेस में किसी भी क्वेरी या टेबल से डेटा का उपयोग करके एक रिपोर्ट बनाने और अनुकूलित करना आसान बनाता है।



MS Access 2013 में डाटाबेस टेबिल की, रिपोर्ट बनाने की सुविधा है। रिपोर्ट में डाटाबेस का सारांश होता है। Report को तीन Section में बांटा जा सकता है। इसमे प्रत्येक Section का अपना कार्य और व्यहार होता है। ये तीन Section निम्न है।

1. Header
2. Detail
3. Footer

Header-

Header रिपोर्ट के सबसे ऊपर का हिस्सा होता है। इसमें रिपोर्ट की हेडिंग देते है। जो यह निर्देशित करता है। कि रिपोर्ट किस चीज़ से संबंधित है। इसमें टेबिल के फ़ील्ड्स के लेबिल भी दे सकते है।

Detail-

यह रिपोर्ट का मुख्य भाग होता है इसमे टेबिल के फील्ड को सेट किया जाता है। इसमे रिपोर्ट टेबिल के फ़ील्ड्स को जोडा जाता है।

Footer-

यह रिपोर्ट का सबसे निचला हिस्सा होता है। इसमें रिपोर्ट का सारांश होता है |